# ED-131

M.Com. 4th Semester
Examination, May-June 2021

Optional—Specialization
Group - D
Taxation and Accounting
Paper - IV
Accounting Methods

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note** : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

**इकाई / Unit-I**

**1.** एकल प्रविष्टि प्रणाली क्या है? इसकी विशेषताएँ, लाभ और सीमाओं की विवेचना कीजिए।

What is single entry system? Discuss its characteristics, advantages and limitations.

***अथवा / OR***

श्री कुलदीप एक जनरल व्यापारी हैं, जो अपनी पुस्तकें एकल प्रविष्टि प्रणाली से रखते हैं। श्री कुलदीप 31 मार्च, 2018 को व्यवसाय का परिणाम जानना चाहते हैं, जिसके लिए निम्नांकित सूचनाएँ उपलब्ध हैं :

| विवरण | 1 अप्रैल, 2017 (₹) | 31 मार्च, 2018 (₹) |
|---|---|---|
| हस्तस्थ रोकड़ | 1,50,000 | 1,75,000 |
| बैंक शेष | 7,50,000 | 8,00,000 |
| फर्नीचर | 1,00,000 | 1,00,000 |
| स्कंध | 5,00,000 | 6,50,000 |
| लेनदार | 3,50,000 | 4,00,000 |
| देनदार | 2,50,000 | 3,00,000 |

श्री कुलदीप ने वर्ष के दौरान ₹ 5,00,000 अपने निजी उपयोग के लिए निकाले तथा ₹ 2,50,000 अतिरिक्त पूँजी विनियोजित की। 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ की गणना कीजिए तथा इसी तिथि का अवस्था विवरण भी तैयार कीजिए।

Shri Kuldeep is a general business man, who keep his books of Account through single entry system. Shri Kuldeep wants to know the result of the business on 31st March, 2018 for which the following informations are available :

| Particulars | 1st April, 2017 (₹) | 31st March, 2018 (₹) |
|---|---|---|
| Cash in hand | 1,50,000 | 1,75,000 |
| Bank Balance | 7,50,000 | 8,00,000 |
| Furniture | 1,00,000 | 1,00,000 |
| Stock | 5,00,000 | 6,50,000 |
| Creditors | 3,50,000 | 4,00,000 |
| Debtors | 2,50,000 | 3,00,000 |

During the year Shri Kuldeep withdraw ₹ 5,00,000 for his personal use and appropriated additional capital of ₹ 2,50,000. Calculate profit of the year ending 31st March, 2018 and prepare statement of Affairs on this date.

## इकाई / Unit-II

2. नेशनल औद्योगिक लि० की रायपुर शाखा ने अपना निम्नलिखित तलपट 31 मार्च, 2018 को अपने मुख्य कार्यालय को भेजा :

तलपट (शेष परीक्षण)

विक०　　　　　　　　　　　　　　　　　　　समा०

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| विविध देनदार | 12,000 | विविध लेनदार | 8,600 |
| हस्तस्थ रोकड़ | 6,250 | विक्रय | 1,12,500 |
| फर्नीचर | 1,900 | मुख्य कार्यालय | |
| स्कन्ध (1.04.2017) | 2,250 | को वस्तु वापसी | 2,250 |
| क्रय | 66,450 | मुख्य कार्यालय | |
| मुख्य कार्यालय | | खाता | 10,250 |
| से माल | 34,000 | | |
| मजदूरी एवं वेतन | 5,500 | | |
| व्यापारिक व्यय | 5,250 | | |
| | 1,33,600 | | 1,33,000 |

31 मार्च, 2018 को अंतिम स्कंध ₹ 5,200 था। मुख्य कार्यालय की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए रायपुर शाखा खाता तथा शाखा व्यापार एवं लाभ-हानि खाता बनाइए।

The Raipur branch of National Industries Ltd. sent the following Trial Balance to their head office on 31st March, 2018 :

Trial Balance

Dr. Cr.

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| Sundry Debtors | 12,000 | Sundry Creditors | 8,600 |
| Cash in hand | 6,250 | Sales | 1,12,500 |
| Furniture | 1,900 | Goods returned | |
| Stock (1.04.2017) | 2,250 | to H.O. | 2,250 |
| Purchases | 66,450 | Head Office | |
| Goods from | | Account | 10,250 |
| Head Office | 34,000 | | |
| Wages and | | | |
| Salaries | 5,500 | | |
| Trade Expenses | 5,250 | | |
| | 1,33,600 | | 1,33,600 |

The closing stock on 31st March, 2018 was ₹ 5,200.

Pass the necessary journal entries to incorporate the above figures in the Head Office books and show the Branch Account and the Branch Trading and Profit & Loss Account for the year ending 31st March, 2018.

**अथवा / OR**

विभागीय खातों से क्या आशय है? इनके लाभों का वर्णन कीजिए। विभागीय अंतिम खाते बनाते समय अप्रत्यक्ष व्ययों का विभाजन किस आधार पर किया जाता है?

What is meant by departmental accounts? Describe their advantages. On what basis indirect expenses are allocated while preparing departmental final account?

**इकाई / Unit-III**

**3.** 'सामाजिक उत्तरदायित्व' का क्या आशय है? इसके अन्तर्गत किन क्षेत्रों का समावेश किया जाता है?

What is meant by 'Social Responsibility'? What areas are included in it?

***अथवा / OR***

एक संस्थान (पट्टेदार) ने एक मशीन पट्टादाता कंपनी से पट्टे पर 1 जनवरी, 2008 को ली। पट्टे की शर्तें मशीन के सम्पूर्ण आर्थिक जीवन (जो 3 वर्ष का है) तक लागू रहेंगीं। मशीन का उचित मूल्य 1 जनवरी, 2008 को ₹ 2,50,000 है। पट्टे के समझौते के अनुसार पट्टेदार को ₹ 1,00,000 प्रतिवर्ष भुगतान करना

होगा, जिसका प्रारंभ 31 दिसंबर, 2008 से होगा। पट्टेदार द्वारा पट्टादाता को यह गारंटी दी गई कि 31 दिसंबर, 2010 को मशीन का अवशेष मूल्य ₹ 17,000 होगा। पट्टादाता ने अनुमान लगाया है कि मशीनरी का अनुमानित वर्तमान मूल्य 16% की दर से प्रथम वर्ष में 0.862, द्वितीय वर्ष में 0.743 तथा तृतीय वर्ष में 0.641 होगा।

उपर्युक्त व्यवहारों की पट्टादाता तथा पट्टेदार की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

An enterprise (the lessee) acquires a machinery on lease from a leasing company (the lessor) on 1st January, 2008. The lease term covers the entire economic life of the machine i.e. 3 years. The fair value of the machine on 1st January, 2008 is ₹ 2,50,000 The lease agreement requires lessee to pay an amount of ₹ 1,00,000 per year, beginning from 31st December, 2008. The lessee has guaranteed a residual value of ₹ 17,000 on 31st December, 2010 to the lessor. The lessor, however estimates that present value of machinery @ 16% are; 1st year 0.862, 2nd year 0.743 and 3rd year 0.641.

Record above transactions in the journal of lessee and lessor.

## इकाई / Unit-IV

**4.** मानव संसाधन लेखांकन क्या है? मानव संसाधन लेखांकन के मुख्य उद्देश्यों एवं लाभों की विवेचना कीजिए।

What is Human Resources Accounting? Discuss the main objectives and benefits of Human Resources Accounting.

***अथवा / OR***

स्वीकृति लि० के 31.03.2019 को समाप्त होने वाले चिट्ठे से संबंधित सूचनाएँ तथा 31.03.2020 को समाप्त होने वाले लाभ-हानि खाते से संबंधित सूचनाएँ निम्न प्रकार हैं:

चिट्ठे से संबंधित सूचनाएँ : (31.03.2019 को)

| **पूँजी एवं दायित्व :** | ₹ |
|---|---|
| अंश पूँजी | 4,00,000 |
| 10% ऋणपत्र | 24,000 |
| लेनदार | 14,400 |

| **संपत्तियाँ :** | **₹** |
|---|---|
| मशीनरी | 6,00,000 |
| स्कंध | 9,600 |
| देनदार | 4,800 |
| रोकड़ | 4,000 |

लाभ-हानि खाते से संबंधित सूचनाएँ :

(31.03.2020)

| | |
|---|---|
| प्रारंभिक स्कंध | 9,600 |
| क्रय | 18,400 |
| विक्रय | 40,000 |
| अंतिम स्कंध | 8,000 |
| सकल लाभ | 20,000 |
| ह्रास | 6,000 |
| संचालन व्यय | 3,200 |
| ऋणपत्र पर ब्याज | 2,400 |
| शुद्ध लाभ | 8,400 |

अतिरिक्त सूचनाएँ :

(*a*) वर्ष पर्यन्त देनदार और लेनदार एक समान रहे हैं।

(*b*) निम्न निर्देशांक प्रदत्त है :

| | |
|---|---|
| 1 अप्रैल, 2019 | 200 |
| 2019-20 का औसत | 240 |
| 31 मार्च, 2020 | 300 |

(*c*) फीफो विधि प्रयोग की जाती है।

आपसे अनुरोध है कि 2020 वर्ष के लिए अंतिम खाते सी०पी०पी० विधि के अन्तर्गत कीमत स्तर में परिवर्तन के लिए समायोजित करते हुए तैयार कीजिए।

The information regarding Balance Sheet of Swikriti Ltd. as on 31.03.2020 and Profit & Loss Account for the year ended 31.03.2020 are given below :

Information regarding Balance Sheet (as at 31.03.2019)

| **Capital and Liabilities** : | **₹** |
|---|---|
| Share Capital | 4,00,000 |
| 10% Debentures | 24,000 |
| Creditors | 14,400 |

| **Assets** : | ₹ |
|---|---|
| Machinery | 6,00,000 |
| Stock | 9,600 |
| Debtors | 4,800 |
| Cash | 4,000 |

Information regarding
Profit & Loss Account : (31.03.2020)

| | |
|---|---|
| Opening Stock | 9,600 |
| Purchases | 18,400 |
| Sales | 40,000 |
| Closing Stock | 8,000 |
| Gross profit | 20,000 |
| Depreciation | 6,000 |
| Operating expenses | 3,200 |
| Interest on Debentures | 2,400 |
| Net Profit | 8,400 |

Additional information :

(*a*) Debtors and Creditors remain constant through out the year.

(*b*) Following indices are given :

| | |
|---|---|
| April 1, 2019 | 200 |
| Average for 2019-20 | 240 |
| March 31, 2020 | 300 |

(*c*) Fifo method is followed.

You are requested to prepare final accounts for the year 2020 after adjusting for price level changes under C.P.P. method.

## इकाई / Unit-V

**5.** श्रीमति सत्ता राम ने दिवालियापन का दावा 31 दिसंबर, 2019 को प्रस्तुत किया। उनकी पुस्तकों में निम्न शेष थे :

| | | ₹ | ₹ |
|---|---|---|---|
| फिटिंग एवं फिक्चर्स | | | |
| (अनुमानित मूल्य ₹ 400) | | 1,030 | |
| व्यावसायिक स्कंध | | | |
| (अनुमानित मूल्य ₹ 5,000) | | 7,210 | |
| व्यावसायिक लेनदार | | | 7,940 |
| देय बिल | | | 8,700 |
| विविध देनदार : | | | |
| अच्छे | 3,800 | | |
| संदिग्ध | | | |
| (अनुमानित 50%) | 8,000 | | |
| बुरे | 8,000 | 19,800 | |
| बैंक अधिविकर्ष | | | 6,900 |
| पूँजी | | | 4,500 |
| | | 28,040 | 28,040 |

₹ 2,500 के भूनाए गये बिलों का दायित्व ₹ 600 था। उनकी जीवन बीमा पॉलिसी (समर्पण मूल्य ₹ 2,000) को ₹ 1,500 के ऋण पर प्रतिभूति में दी गई जिस पर 10% ब्याज पिछले 30 जून तक चुकाया गया। श्रीमति सत्ता राम ने अपनी ₹ 1,200 के आभूषण सरकारी प्रापक को दिये। सरकारी प्रापक ने कुछ बकाया व्यवहारों पर ₹ 200 का लाभ दिखाया। एक लेनदार ₹ 100 का (जो व्यावसायिक लेनदारों में शामिल है) लाभांश के लिए देय नहीं है। देय आयकर ₹ 1,540 का है।

अवस्था विवरण एवं हीनता लेखा बनाइए।

Smt. Satta Ram filed a petition for bankruptcy on 31st December, 2019. His books show the following balances :

| | ₹ | ₹ |
|---|---|---|
| Fixtures and Fittings (estimated to produce ₹ 400) | 1,030 | |
| Stock in Trade (estimated to produce ₹ 5,000) | 7,210 | |
| Trade Creditors | | 7,940 |
| Bills payable | | 8,700 |

| | | ₹ | ₹ |
|---|---|---|---|
| Sundry Debtors : | | | |
| Good | 3,800 | | |
| Doubtful (estimated at 50%) | 8,000 | | |
| Bad | 8,000 | 19,800 | |
| Bank Overdraft | | | 6,900 |
| Capital | | | 4,500 |
| | | 28,040 | 28,040 |

Liability was ₹ 600 on bills discounted of ₹ 2,500. His life insurance policy (surrender value ₹ 2,000) given as security for a loan of ₹ 1,500 at 10% interest paid up to the preceeding 30th June. Smt. Satta Ram gave up jewellery valued at ₹ 1,200 to the official receiver completed certain pending transactions which resulted in a profit of ₹ 200. There is a creditor of ₹ 100 (included in trade creditors) who is not to rank for dividend. Income Tax due amounted to ₹ 1,540.

Prepare a statement of Affairs and Deficiency Account.

***अथवा / OR***

दिवाला अधिनियमों के अन्तर्गत पूर्वाधिकार लेनदारों को समझाइए। अवस्था विवरण तथाा आर्थिक चिट्ठे में क्या अन्तर है ? समझाइए।

Explain preferential creditors under Insolvency Acts. What are the differences between Statement of Affairs and Balance Sheet ? Explain.

———